# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांक : 094 / पू.वि.वि. / रा0से0यो0 / 2026 दिनांक : 19 सितम्बर, 2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य
राजकीय, वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर।

विषयः माय भारत (**MY Bharat**) पोर्टल पर 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के समस्त युवाओं के पंजीकरण तथा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (**VBYLD –2026**) क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु पंजीकरण के संबंध में।

महोदय /महोदया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि माय भारत (MY Bharat) पोर्टल पर 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के पंजीकरण तथा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD–2026) प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु शत प्रतिशत पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय से संबद्ध प्रत्येक महाविद्यालय के समस्त युवाओं का उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु पंजीकरण हेतु समस्त प्राचार्य माय भारत पोर्टल (MY Bharat) पर अपना रेफरल कोड (Referral Code) जनरेट करें तथा उक्त Referral Code के माध्यम से युवाओं का पंजीकरण कराएं, जिससे संबंधित प्राचार्य द्वारा कराए गए पंजीकरण की संख्या का स्पष्ट रूप से अनुश्रवण किया जा सके। जिन महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयां संचालित हैं वहा उक्त कार्य कार्यक्रम अधिकारी के सहयोग से सम्पन्न कराया जाय।

अतः आप से अनुरोध है कि अपने–अपने महाविद्यालयों में उपरोक्तानुसार पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः यथोक्त

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव माननीय कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. प्रभारी वेबमास्टर को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को विवि की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव